**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या:2495**
**13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना**

**2495. श्री रामप्रीत मंडल:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्री दिनेश चंद्र यादव:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**श्री गिरिधारी यादव:**
**श्री हरीभाई पटेल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का विचार है;
(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश के सभी जिलों विशेषकर महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले और दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से संबंधित कार्य का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार उन जिलों का ब्यौरा क्या है जहां आज की तिथि तक कोई मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं किया गया है;
(घ) उक्त योजना के तहत प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने की समय-सीमा क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ)पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान सरकार द्वारा स्थापित नए मेडिकल कॉलेजों की संख्या का राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या ऐसे सभी नव स्थापित मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र शुरू हो गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (च): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय हिस्सेदारी का अनुपात पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी राज्यों के लिए 90:10 तथा अन्य राज्यों के लिए 60:40 है। इस योजना के तहत, देश भर में परिकल्पित सभी 157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पहले ही मंजूरी दे दी गई है। देश में मंजूर मेडिकल कॉलेजों का चरणवार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

157 अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों में से, 137 कॉलेज कार्यशील हैं, जिनमें 65 मेडिकल कॉलेज शामिल हैं जो वित्त वर्ष 2022-23 से कार्यशील हुए हैं। इन कार्यशील मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, योजना के तहत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों की योजना, निष्पादन और कमीशनिंग राज्य सरकार द्वारा की जानी है।

******

दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2495 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**अनुलग्नक-I**

**'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के केंद्र प्रायोजित योजना के तहत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्यवार विवरण।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कॉलेजों की संख्या | जिला |
|---|---|---|---|
| | | चरण-I (58) | |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1 | पोर्ट ब्लेयर |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | नाहरलगुन |
| 3 | असम | 4 | धुबरी, नागांव, उत्तरी लखीमपुर, दीफू |
| 4 | बिहार | 3 | पूर्णिया, सारण (छपरा),समस्तीपुर |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2 | राजनंदगांव, सरगुजा |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 3 | चम्बा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर) |
| 7 | हरियाणा | 1 | भिवानी |
| 8 | झारखंड | 3 | दुमका, हज़ारीबाग़, पलामू (डाल्टनगंज) |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 5 | अनंतनाग, बारामूला, राजौरी, डोडा, कठुआ |
| 10 | मध्य प्रदेश | 7 | दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी |
| 11 | महाराष्ट्र | 1 | गोंदिया |
| 12 | मेघालय | 1 | वेस्ट गारो हिल्स (तुरा) |
| 13 | मिजोरम | 1 | फाल्कन |
| 14 | नागालैंड | 1 | नागा अस्पताल (कोहिमा) |
| 15 | ओडिशा | 5 | बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगीर, कोरापुट, पुरी |
| 16 | पंजाब | 1 | एसएएस नगर |
| 17 | राजस्थान | 7 | बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 5 | बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहाँपुर, बहराईच |
| 19 | उत्तराखंड | 1 | अल्मोडा |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 5 | बीरभूम (रामपुर हाट), कूच बिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर) |
| | | चरण-II (24) | |
| 1 | बिहार | 5 | सीतामढी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई |
| 2 | झारखंड | 2 | कोडरमा, चाईबासा (सिंहभूम) |
| 3 | मध्य प्रदेश | 1 | सतना |
| 4 | ओडिशा | 1 | जाजपुर |
| 5 | राजस्थान | 1 | धौलपुर |
| 6 | उत्तर प्रदेश | 8 | एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फ़तेहपुर, सिद्धार्थनगर (डोमरियागंज), देवरिया, ग़ाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर |
| 7 | पश्चिम बंगाल | 5 | बारासात, उलूबेरिया, आरामबाग, झाड़ग्राम, तमलुक |
| 8 | सिक्किम | 1 | गंगटोक |
| | | चरण-III (75) | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3 | पिडुगुरल्ला, पाडेरु, मछलीपट्टनम |
| 2 | असम | 1 | कोकराझार |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कॉलेजों की संख्या | जिला |
|---|---|---|---|
| 3 | छत्तीसगढ़ | 3 | कोरबा, महासमुंद, कांकेर |
| 4 | गुजरात | 5 | नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 2 | उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा) |
| 6 | कर्नाटक | 4 | चिक्कमगलुरु, हावेरी, यादगिरि, चिक्काबल्लापुरा |
| 7 | लद्दाख | 1 | लेह |
| 8 | मध्य प्रदेश | 6 | राजगढ़, मांडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली |
| 9 | महाराष्ट्र | 1 | नंदुरबार |
| 10 | मणिपुर | 1 | चूराचंदपुर |
| 11 | नागालैंड | 1 | मोन |
| 12 | ओडिशा | 1 | कालाहांडी |
| 13 | पंजाब | 2 | कपूरथला, होशियारपुर |
| 14 | राजस्थान | 15 | अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्रीगंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाईमाधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा |
| 15 | उत्तराखंड | 3 | रुद्रपुर (जिला उधम सिंह नगर), पिथौरागढ, हरिद्वार |
| 16 | उत्तर प्रदेश | 14 | बिजनौर,कुशीनगर,सुल्तानपुर,गोंडा,ललितपुर,लखीमपुरखीरी,चंदौली,बुलंदशहर,सोनभद्र,पीलीभीत,औरैया,कानपुर देहात,कौशांबी,अमेठी |
| 17 | तमिलनाडु | 11 | तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नामक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरि, तिरुवल्लुर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची |
| 18 | पश्चिम बंगाल | 1 | जलपाईगुडी |

**दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2495 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक-II**

**वित्तीय वर्ष 2022-23 से 'मौजूदा जिला/संदर्भ अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए सीएसएस के अंतर्गत 65 कार्यात्मक मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | जिला |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | पादेरु, मछलीपट्टनम |
| 2. | असम | धुबरी, नागाँव, कोकराझार |
| 3. | बिहार | पूर्णिया |
| 4. | छत्तीसगढ़ | कोरबा, महासमुंद |
| 5. | गुजरात | नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी |
| 6. | हरियाणा | भिवानी |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | उधमपुर, हंदवाड़ा (जि. कुपवाड़ा) |
| 8. | कर्नाटक | चिक्कमगलुरु, हावेरी, यादगिरी |
| 9. | मध्य प्रदेश | नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली |
| 10. | मणिपुर | चुराचंदपुर |
| 11. | नागालैंड | नागा अस्पताल, कोहिमा |
| 12. | ओडिशा | जाजपुर, कटक |
| 13. | राजस्थान | अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, करौली, नागौर, श्री गंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाई माधोपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा, धौलपुर, जैसलमेर, टोंक |
| 14. | उत्तराखंड | हरिद्वार |
| 15. | उत्तर प्रदेश | बिजनौर, कुशीनगर, सुलतानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी |
| 16. | पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी, बारासात, उलूबेरिया, अरामबाग, झाड़ग्राम, तमलुक |

*****